कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलन्दशहर।

(Email id-dlsabulandshahr@gmail.com)

विज्ञप्ति दिनांक–09.12.2024

आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथिः– 19.12.2024 समय सायं 5.00 बजे तक ए०डी०आर० भवन में प्रथम तल पर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशानुसार बुलन्दशहर की समस्त तहसील– बुलन्दशहर सदर, खुर्जा, शिकारपुर, स्याना, डिबाई, सिकन्द्राबाद, अनूपशहर पर प्रत्येक तहसील हेतु 15 अधिवक्ता (5 राजस्व, 5 आपराधिक, 5 सिविल) कुल 105 पैनल अधिवक्ताओं को नियुक्त किया जाना है। जिसमें राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010 के प्रस्तर 08 के अनुसार निम्न अर्हता के व्यक्ति पात्र होंगे।

जिला न्यायालय स्तर या तहसील स्तर में कम से कम 03 वर्ष के अनुभव के साथ विधि व्यवसायी।

आवेदक अपने आवेदन–पत्र के साथ सम्बन्धित बार का प्रमाण पत्र व शैक्षिक योग्यता के प्रमाण–पत्र–दसवीं, बारहवीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, लॉ, आई.डी. आदि के प्रमाण–पत्र स्वयं सत्यापित कर संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे।

अन्तिम तिथिः– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय बुलन्दशहर में आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 19.12.2024 है। उक्त अन्तिम तिथि 19.12.2024 समय सायं 5.00 बजे के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। ऐसा कोई व्यक्ति जो दिवालिया हो, विकृत–चित हो, कोई ऐसा व्यक्ति जिसके विरुद्ध किसी अपराध में आरोप विरचित किये गये हों या किसी दण्ड न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया हो, वह पात्र नहीं होंगे।

इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलन्दशहर में भी निशुल्क उपलब्ध है। आवेदक अपने आवेदन पत्र में तहसील का नाम स्पष्ट अंकित करें। आवेदक अपने आवेदन पत्र में मोबाईल नंबर व ई–मेल आईडी भी अवश्य अंकित करें, ताकि आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त पात्र आवेदकों को साक्षात्कार हेतु सूचित किया जा सके। साक्षात्कार की तिथि व समय हेतु अलग से सूचना जारी की जायेगी।

उक्त विज्ञप्ति की एक –एक प्रति माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर, अध्यक्ष/सचिव, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, बुलन्दशहर व अध्यक्ष/सचिव, सिविल बार एसोसिएशन, बुलन्दशहर तथा सिविल न्यायालय, बुलन्दशहर व राजस्व न्यायालय बुलन्दशहर, समस्त तहसीलदार/सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति, समस्त तहसीलों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये तथा उक्त विज्ञप्ति की एक प्रति जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम ऑफिसर को प्रेषित की जाये।

Approved
9.12.24

जिला जज/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बुलन्दशहर

(शहजाद अली)
अध्यक्ष,
तहसील पैनल अधिवक्ता नियुक्ति समिति/
अपर जिला जज, न्याय कक्ष सं० 7/
सचिव, डी.एल.एस.ए,
बुलन्दशहर।
09.12.2024

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर।

तहसील स्तर पर पैनल अधिवक्ता हेतु आवेदन पत्र

तहसील का नाम (जिस तहसील हेतु आवेदन कर रहे हैं)– ....

नामः– ....

पिता/पति का नामः– ....

जन्म तिथि(अंको मे):– ....

पताः– ....

....

....

....

....

मोबाईल नम्बरः– ....

ई–मेल आई.डी.– ....

शैक्षिक योग्यताः– ....

....

....

वकालत अनुभवः– ....

(विवरण सहित)

रजिस्ट्रेशन नं० – ....

अन्य विवरणः– ....

दिनांकः–

हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं...पुत्र/पुत्री/पत्नी............................ यह घोषणा करता हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित नहीं है, और किसी न्यायालय से मुझे दोषसिद्ध नहीं किया गया है। मेरा किसी राजनैतिक पार्टी से कोई सम्बन्ध नहीं है। मेरे द्वारा किये गये उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है। मुझे यह भी ज्ञान है कि कोई कथन गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांकः–

हस्ताक्षर

स्थानः–

नामः–